भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 1259

गुरूवार, 5 दिसम्बर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**समुद्री विमान/क्रूज़/साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना**

**1259 श्री आर. गिरिराजन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संभावित आगंतुकों और स्थानीय समुदायों में समुद्री विमान और क्रूज-पर्यटन को सफल बनाने के लिए इनके प्रति जागरूकता उत्पन्न और इसे प्रोत्साहन दे रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने क्रूज-पर्यटन और साहसिक पर्यटन के लिए टूर ऑपरेटरों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कोई योजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से भारत का समग्र रूप से संवर्धन करता है। अपने सतत कार्यकलापों के भाग के रूप में; यह मंत्रालय क्रूज़-पर्यटन और साहसिक पर्यटन सहित भारत के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाता है।

पर्यटन मंत्रालय ने भारत को वैश्विक स्तर पर क्रूज पर्यटन के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए क्रूज़ पर्यटन हेतु एक राष्ट्रीय कार्यनीति का मसौदा तैयार किया है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत, क्रूज पर्यटन और नदियों के किनारे क्रूज सहित पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और केंद्र सरकार की एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है। केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत बंदरगाहों और

जलमार्गों पर अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** में दिया गया है।

देश में साहसिक पर्यटन के विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से, साहसिक पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की गई है। यह कार्यनीति साहसिक गंतव्यों के विकास, साहसिक पर्यटन में सुरक्षा को बढ़ावा, कौशल विकास, क्षमता निर्माण और विपणन पर केंद्रित है।

*****

**अनुबंध-I**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा समुद्री विमान/क्रूज़/साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 05.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1259 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत तटीय परिपथ और क्रूज परियोजना के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(राशि करोड़ रुपये में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2014-15 | काकीनाडा - होप द्वीप - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य - पासरलापुडी - अदुरू - एस यानम - कोटिपल्ली में परिपथ का विकास | 67.83 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2015-16 | नेल्लोर, पुलिकट झील, उब्बलामाडुगु झरना, नेलापट्टू पक्षी अभयारण्य, मायपाडु बीच, रामतीर्थम का विकास | 49.55 |
| 3. | पुदुचेरी | 2015-16 | दुबरायापेट, अरिकामेडु चीन वीरमपट्टिनम, चुन्नबमार, नल्लावडु, मानापेट, कालापेट, फ्रेंच क्वार्टर, तमिल क्वार्टर और यनम का विकास | 58.44 |
| 4. | पश्चिम बंगाल | 2015-16 | बीच परिपथ: उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बखलाई - हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ (शिरोदा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), देवगढ़ (किला और बीच), मितभाव, टोंडावली, मोचेमद और निवती किला) का विकास | 19.06 |
| 6. | गोवा | 2016-17 | सिंक्वेरिम - बागा, अंजुना - वागाटोर, मोरजिम - केरी, अगुआडा किला और अगुआडा जेल का विकास | 97.65 |
| 7. | ओडिशा | 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाडा और तमपारा का विकास | 70.82 |
| 8. | अंडमान एवं निकोबार | 2016-17 | लॉन्ग द्वीप - रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप - हैवलॉक द्वीप - बाराटांग द्वीप - पोर्ट ब्लेयर का | 27.57 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | द्वीप समूह | | विकास | |
| 9. | तमिलनाडु | 2016-17 | चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - कुलसेकरनपट्टिनम - कन्याकुमारी का विकास | 73.13 |
| 10. | गोवा | 2017-18 | रूआ डी ओरम क्रीक - डोन पाउला - कोलवा - बेनौलीम का विकास | 99.35 |
| 11. | केरल | 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज़ पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| | **कुल** | | | **688.74** |

*****

**अनुबंध-II**

श्री आर. गिरिराजन द्वारा समुद्री विमान/क्रूज़/साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 05.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1259 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**केंद्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत बंदरगाहों और जलमार्गों पर अवसंरचना के विकास के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

**(लाख रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **क्रियान्वयन एजेंसी** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमिलनाडु | 2012-13 | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज़ यात्री सुविधा केंद्र | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 |
| 2. | गोवा | 2014-15 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज़ टर्मिनल बिल्डिंग | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 879.04 |
| 3. | केरल | 2016-17 | विलिंगडन द्वीप कोचीन, केरल पर वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास, | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 901.00 |
| 4. | केरल | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ एवं बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 2141.00 |
| 5. | महाराष्ट्र | 2016-17 | कनोजी आंग्रे लाइटहाउस को पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित करने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 |
| 6. | महाराष्ट्र | 2017-18 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 |
| 7. | गोवा | 2018-19 | मोरमुगाओ में आप्रवासन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 1316.40 |
| 8. | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास करना | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 120. 79 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9. | केरल | 2018-19 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 466.47 |
| 10. | आंध्र प्रदेश | 2018-19 | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ क्षेत्र में क्रूज-सह-तटीय कार्गो टर्मिनल का निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 3850.00 |
| 11. | केरल | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1029.70 |
| 12. | गोवा | 2021-22 | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट (एमपीटी) द्वारा मोरमुगाओ पोर्ट, गोवा में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रूज जहाजों के लिए सुविधाओं का निर्माण | मोरमुगाओ पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 |
| 13. | महाराष्ट्र | 2021-22 | इंदिरा डॉक, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 |
| | | | | **कुल** | **23929.06** |

*****